# MOM of Committee of Management

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

**दिनाक : 17 जुलाई 2022, (17-07-2022)**
**स्थान : 46,पाटलीपुत्रा कॉलोनी,पटना**
**समय : दिन के 14.45 बजे से**
**उपस्थिति : रजिस्टर के अनुसार**

**अध्यक्षता**

माननीय अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी ने कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट की बैठक की अध्यक्षता की।

**कोरम**

यह सुनिश्चित करने के पश्चात कि बैठक के लिए अपेक्षित सदस्यगण इस कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट की बैठक मे उपस्थित/सम्मलित है, बैठक की शुरुआत किया गया।

उपस्थित/सम्मलित सभी सदस्यों की अनुमति से, कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट की बैठक बुलाने की सूचना जो पूर्व में सभी सदस्यों को दिया गया था, पुनः आज के चर्चा के लिए रिकॉर्ड पर लाया गया।

**सभा का संचालन**

माननीय अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी के द्वारा सभा का संचालन की गई। सभा की शुरुआत माननीय माननीय अध्यक्ष ने उपस्थित/सम्मलित सभी सदस्ययो का स्वागत से करते हुए बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की वर्तमान स्थिति से सबों को अवगत कराया।

इसके बाद कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट की बैठक में वर्णित एजेंडों पर चर्चा प्रारम्भ हुआ:

**एजेंडा संख्या : 1. कमेटी ऑफ मैनेजमेंट के पूर्व की बैठको की संपूष्टि।**
**निर्णय** : कमेटी ऑफ मैनेजमेंट, दिनांक 28 मार्च 2022 एवं अन्य में लिए गए निर्णयों को पढ़ कर सभी सदस्यों को सुनाया गया जिसे सभी सदस्यों द्वारा ध्वनिमत से संपुष्टि प्रदान की। साथ ही साथ पूर्व में की गई कमेटी ऑफ मैनेजमेंट की बैठक से अभी तक, कमेटी ऑफ मैनेजमेंट की बैठक के बीच लिए गए निर्णयों पर भी चर्चा के पश्चात पारित किया गया।

**एजेंडा संख्या : 2. सत्र 2022- 23 हेतु विभिन्न टीमों के लिए सिलेक्टर्स, कोच, फिजियो, ट्रेनर, मसाजर आदि की नियुक्ति हेतु प्रक्रिया पर विमर्श और निर्णय।**
**निर्णय** : वर्ष 2022-23 में विभिन्न टीमों के लिए चयनकर्ता, कोच, फिजियो, ट्रेनर, मसाजर आदि की नियुक्ति हेतु दिनांक 05 जुलाई 2022 को बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के वेबसाइट पर प्रकाशित अधिसूचना पर विस्तृत चर्चा के पश्चात सर्वसम्मति से एक त्रिसदस्यीय कमिटी का गठन किया गया जो की प्राप्त आवेदन का साक्षात्कार कर अपना अनुशंसा कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट को देगे। त्रिसदस्यीय कमिटी के सदस्य निम्न है:

**चेयरमैन** - श्री दिलीप सिंह (उपाध्यक्ष)
**संयोजक** – श्री शंकर देब चौधरी (संयुक्त सचिव)
**सदस्य** – श्री प्रफुल्ल चंद्र वर्मा (कार्यकारी चेयरमैन – टूर्नामेंट कमिटी)

इस त्रिसदस्यीय कमिटी के द्वारा समर्पित लिस्ट पर निर्णय लेने के लिए कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट के तरफ से सर्वसम्मति से माननीय अध्यक्ष को अधिकृत किया गया, जिससे ससमय खिलाड़ियों के कैंप का आयोजन किया जा सके।

**एजेंडा संख्या : 3. पूर्व अंतराष्ट्रीय क्रिकेटरों की विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु विमर्श और निर्णय।**
**निर्णय** : श्री आदर्श अग्रवाल ने पूर्व अंतराष्ट्रीय क्रिकेटरों की विभिन्न पदों पर नियुक्ति को बिहार क्रिकेट के उत्थान के लिया गया सराहनीय कदम बताया। कमिटी के द्वारा पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों की विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

चर्चा करते हुए यह निर्णय लिया गया की प्राप्त आवेदनों / प्रस्तावों पर राय-विमर्श के बाद निर्णय लेन के लिए माननीय अध्यक्ष को अधिकृत किया गया।

**एजेंडा संख्या : 4. आगामी सीजन हेतु पटना सहित बिहार के सभी जिलों में 10 (दस) टर्फ विकेट वाले, क्रिकेट मैदान की उपलब्धता पर विमर्श- और निर्णय ।**
**निर्णय** : सीईओ ने कमेटी ऑफ मैनेजमेंट के सभी सदस्यों को बताया कि पूर्व में बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा जिला संघों से टर्फ – युक्त मैदान के निर्माण हेतु जमीन की उपलब्धता के संबंध में प्रस्ताव मांगे गए थे। कई जिलों से प्रस्ताव प्राप्त हुए है। प्राप्त प्रस्ताव पर टर्फ विकेट के निर्माण के लिए आवश्यक सभी बिंदुओं पर समीक्षोंपरांत **एजेंडा संख्या - 2, 3 और 4 के संदर्भ में निर्णय हेतु अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी को श्री दिलीप सिंह (उपाध्यक्ष ) और खिलाड़ी प्रतिनिधि (पुरुष वर्ग) श्री अमीकर दयाल से सलाह कर निर्णय लेन के लिए अधिकृत किया गया**

**एजेंडा संख्या : 5. बिहार क्रिकेट एसोशिएसन के आगामी चुनाव पर विमर्श और निर्णय।**
**निर्णय** : बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की होने वाली आगामी चुनाव के संदर्भ में विमर्श करते हुए निर्णय लिया गया कि ससमय चुनाव संपन्न कराने के लिए चुनाव पदाधिकारी महोदय से आग्रह किया जाए। चुनाव के संदर्भ में चर्चा के क्रम में यह भी निर्णय लिया गया कि बिहार क्रिकेट संघ की 29 सितंबर 2019 को संपन्न हुए चुनाव में जिस नियमावली का पालन किया गया था, आगामी चुनाव भी उक्त नियमावली से ही होगा तथा वर्तमान कमेटी के द्वारा आहूत विशेष आम सभा, वार्षिक आमसभा आदि में चुनाव के संदर्भ में लिए गए निर्णय से भी चुनाव अधिकारी महोदय को अवगत कराया जाएगा। इस कार्य के लिए अध्यक्ष महोदय को अधिकृत किया गया।

**एजेंडा संख्या : 6. लेखा मामलों पर चर्चा और निर्णय।**
**निर्णय** : लेखा मामलों पर चर्चा करते हुए कोषाध्यक्ष श्री आशुतोष नंदन सिंह ने बताया कि ऑडिट का कार्य कई प्रपत्रों के अनुपलब्धता के कारण नहीं हो पा रहा था। उन प्रपत्रों की कमियों को लेखा विभाग के द्वारा सभी संबन्धित पक्षों से संपर्क कर पूरा किया जा रहा है। कोषाध्यक्ष महोदय ने आगे बताया की ऑडिट का कार्य लगभग पूरा किया जा चुका है। अतिशीघ्र ऑडिट को कमेटी ऑफ मैनेजमेंट और आम सभा के पटल पर रखा जाएगा। कोषाध्यक्ष ने अभी तक हुए सारे खर्चा को विस्तार से सभी उपस्थित सदस्यों के समक्ष रखा, जिसे चर्चा के बाद पारित किया गया।

**एजेंडा संख्या : 7. सीईओ की रिपोर्ट पर चर्चा और निर्णय।**
**निर्णय** : बिहार क्रिकेट संघ के सीईओ श्री मनीष राज के द्वारा खिलाड़ियों के लंबित विपत्र सत्र 2019-20 के भुगतान होने तथा 2020-21 और 2021- 22 के भुगतान हेतु चल रही प्रक्रिया तथा बीसीसीआई के साथ किए गए अनेक मामलों के पत्र व्यवहार, पर एक प्रगति रिपोर्ट कमेटी के पटल पर रखी गई। जिस पर सभी सदस्यों ने राय-विमर्श करते हुए सीईओ के क्रिया-कलापों पर संतोष जताते हुए, खिलाड़ियों के मैच फीस का भुगतान और बीसीए के सबसिडी आदि का भुगतान अति शीघ्र हो इसके लिए बीसीसीआई से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही यदि जरुरत हो तो BCCI मुंबई जाने का भी आग्रह सीईओ से किया गया।

**एजेंडा संख्या : 8. अध्यक्ष के आदेश से अन्यान्य विषयों पर चर्चा और निर्णय।**

1. अध्यक्ष महोदय के आदेश से बैठक में उपस्थित उपाध्यक्ष श्री दिलीप सिंह ने संजय कुमार सिंह (निवर्तमान जिला संघों के प्रतिनिधि) के मामले में माननीय लोकपाल के दिनांक 10-07-2022 के आदेश को विमर्श हेतु पटल पर रखा तथा बताया कि जिला का कार्यकाल BCA के कार्यकाल से न जोड़ा जाना चाहिए। उपस्थित सदस्यों ने बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरभ गांगुली की कूलिंग पीरियड के मामले

Rakesh Kr Tiwary

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

में सर्वोच्च न्यायालय में चल रहे मामले और बीसीसीआई के द्वारा किए गए संविधान संशोधन पर भी विस्तार से चर्चा किया, तथा इस संदर्भ में निर्णय लिया गया की अधिवक्ता के माध्यम से लोकपाल महोदय के समक्ष जिला प्रतिनिधि के मामले में संपूर्ण तथ्यों से अवगत कराते हुए, पारित आदेश पर पुनर्विचार याचिका दाखिल किया जाये।

2. अध्यक्ष महोदय के आदेश से कोषाध्यक्ष श्री आशुतोष नंदन सिंह ने संयुक्त सचिव श्री कुमार अरविंद के सितंबर 2019 में हुए बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव में भाग लेने की योग्यता को रद्द करते हुए पद पर रहने से अयोग्य करार देने संबंधी माननीय लोकपाल महोदय के आदेश को पटल पर रखते हुए इस पद पर संविधान की धारा 18 (4) G के आलोक में किसी योग्य सदस्य को संयुक्त सचिव के पद पर नामित करने का आग्रह किया। इस मामले पर विमर्श करते हुए सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से श्री शंकरदेव चौधरी (मुंगेर) को आगामी आम सभा की प्रत्याशा में संयुक्त सचिव नामित करने का निर्णय लिया। यह भी निर्णय लिया गया कि day-to-day क्रिकेट संचालन भी श्री शंकरदेव चौधरी के द्वारा सम्पादित होगा।

3. अध्यक्ष महोदय के आदेश से खिलाड़ी प्रतिनिधि पुरुष वर्ग, श्री अमिकर दयाल ने बताया की 8 फरवरी 2021 को आहुत COM की बैठक में एक त्रि-सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था। जिस कमेटी को बिहार के सभी जिला संघों (पूर्ण सदस्यों) के कमेटी ऑफ मैनेजमेंट के वर्तमान एवं पूर्व के सदस्यों का सत्यापन कर रिपोर्ट देना था। इस कमेटी को आम सभा से भी समपुष्ट किया जा चुका है। बैठक में यह जानकारी दी गई कि माननीय लोकपाल महोदय के द्वारा वाद संख्या 12 /2021 दिनांक 13 अप्रैल 2022 में दिए गए आदेश के बाद 8 फरवरी 2021 को गठित कमेटी का पुनर्गठन अवकाश प्राप्त न्यायाधीश महोदय की अध्यक्षता में की गई है। इसके बाद श्री दयाल ने बैठक में प्रस्ताव रखा की माननीय लोकपाल महोदय के आदेश से बनी कमिटी से आग्रह किया जाये कि शेष जिलो के भी प्रपत्रों का भी सत्यापन तय समय में पूर्ण किया जाये, ताकि आगामी चुनाव सुगमता पूर्वक संपन्न हो सके। साथ ही पूर्व में निकले गए इस कमिटी के लिए विज्ञापन के मानदेय एवं भत्ता की भी चर्चा की गई। इस मामले पर विमर्श के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि त्रि-सदस्यीय कमेटी से आग्रह किया जाए की सभी जिला संघों के वोटर क्लबों का सत्यापन 30 जुलाई 2022 से पूर्व कर दिया जाए, ताकि ससमय जिला क्रिकेट संघों और बिहार क्रिकेट एसोसिएशन का चुनाव संपन्न कराया जा सके। इस मामले की जानकारी माननीय लोकपाल महोदय को दी जाये। इस त्रि-सदस्यीय कमिटी के लिए निकले गए विज्ञापन में प्रदर्शित मानदेय एवं भत्ता को भी पारित किया गया।

4. अध्यक्ष महोदय के आदेश से बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के सीईओ ने उपस्थित सदस्यों को बताया के माननीय लोकपाल महोदय के द्वारा जिला संघों के चुनाव में पर्यवेक्षक/ चुनाव अधिकारी के रूप में अवकाश प्राप्त बिहार प्रशासनिक सेवा या न्यायिक सेवा के अधिकारियों की हीं नियुक्ति की जानी है, इस संदर्भ में बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के वेबसाइट पर अवकाश प्राप्त न्यायिक पदाधिकारी/ बिहार प्रशासनिक पदाधिकारियों से प्रस्ताव मांगे गए थे, मगर एक भी प्रस्ताव नहीं प्राप्त हुआ। जबकि जिला संघों से भी चुनाव अधिकारी के रूप में अवकाश प्राप्त न्यायिक पदाधिकारी/ बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी की उपलब्धता पर संशय व्यक्त किया गया है। इस मामले पर चर्चा करते हुए यह निर्णय लिया गया कि लोकपाल महोदय से चुनाव पर्यवेक्षक हेतु बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अनुभवी वरिष्ठ सदस्यों को नियुक्त करने तथा जिला संघों को भी चुनाव का अनुभव रखने वाले व्यक्तियों संस्था संचालकों, अधिवक्ताओं को चुनाव अधिकारी नियुक्त करने हेतु आदेश में

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

संशोधन करने हेतु सीईओ अधिवक्ता के माध्यम से लोकपाल महोदय के समक्ष पुनर्विचार याचिका दाखिल करेगे।

5. अध्यक्ष महोदय के आदेश से उपाध्यक्ष श्री दिलीप सिंह ने टूर्नामेंट कमेटी के चेयरमैन संजय कुमार सिंह के इस्तीफे के बाद रिक्त पद पर टूर्नामेंट कमेटी के किसी सदस्य को प्रभार देने का मामला पटल पर रखा। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से टूर्नामेंट कमेटी के सदस्य प्रफुल्ल चंद्र वर्मा को कमेटी के चेयरमैन का प्रभार देने का निर्णय लिया।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने बैठक में उपस्थित/सम्मलित सभी सदस्यों को धन्यवाद् देते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

Rakesh Kr Tiwary

**राकेश कुमार तिवारी**
(अध्यक्ष सह कार्यकारी सचिव)
बिहार क्रिकेट एसोसिएशन, बिहार, पटना